संक्षिप्त संशोधित विज्ञप्ति

राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा चयन बोर्ड, जयपुर

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018 दूरभाष नं. 0141–2722520

क्रमांकः प.14(67)RSMSSB/अर्थना/ पशु.पा./ पशु.सहा./भर्ती/2018 / 1364 दिनांक : 11.04.2018

संशोधित विज्ञप्ति

पशुधन सहायक सीधी भर्ती परीक्षा–2018

बोर्ड द्वारा पशुपालन विभाग के लिये विज्ञापन संख्या 05/2018 पशुधन सहायक सीधी भर्ती परीक्षा–2018 दिनांक 14.03.2018 को जारी किया गया था। उक्त विज्ञापन में संशोधन किया जाता है। इस संशोधित विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त विज्ञापन की **बिन्दु संख्या 7 पात्रता एवं शैक्षणिक योग्यता के आगे वर्णित (ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथी तक अर्जित) को** विलोपित **समझा जावें। शैक्षणिक योग्यता के नीचे निम्न प्रावधान ओर जोडा जाता है जिसे अब निम्नानुसार पढा जावें:–**

परन्तु ऐसा व्यक्ति, जो सीधी भर्ती हेतु नियमों या अनुसूचियों में यथा उल्लिखित पद के लिए अपेक्षित शैक्षणिक अर्हता वाले ऐसे पाठ्यक्रम के अन्तिम वर्ष की परीक्षा में उपस्थित हो चुका/चुकी है या उपस्थित हो रहा /रही है, उस पद के लिए आवेदन करने का पात्र होगा/होगी किन्तु उसे –

1. जहां चयन लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के दो प्रक्रमों के माध्यम से किया जाता हो, मुख्य परीक्षा में उपस्थित होने से पूर्व,
2. जहां चयन लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के माध्यम से किया जाता हो, साक्षात्कार में उपस्थित होने से पूर्व,
3. जहां चयन केवल लिखित परीक्षा या यथास्थिति, केवल साक्षात्कार के माध्यम से किया जाता हो, लिखित परीक्षा अथवा साक्षात्कार में उपस्थित होने से पूर्व,

समुचित चयन ऐजेन्सी/बोर्ड को अपेक्षित शैक्षणिक अर्हता अर्जित कर लेने का सबूत प्रस्तुत करना होगा। विज्ञप्ति की शेष शर्ते यथावत रहेगी।

(डॉ. बी.एल.जाटावत)
अध्यक्ष